## खबर संक्षेप

### प्रोप्टी आई डी ठीक करने को लगा कैंप

**तरावड़ी।** तरावड़ी नगरपालिका की ओर से 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रोप्टी आई डी की खामियों को दुरूस्त करने के लिए चार दिवसीय विशेष कैम्प लगाया जा रहा है। इस कैम्प का तरावड़ी के लोग फायदा उठा सकते है। यह जानकारी देते हुए नगरपालिका प्रधान विरेंद्र बंसल ने बताया कि तरावड़ी में प्रोप्ट्री आई डी में काफी कमियां है और परेशान आम लोग कार्य दिवस के दिनो में नगरपालिका के चक्कर लगाते है और कर्मचारियों की कमी और कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के पास दूसरे अन्य काम होने के कारण लोगों को कई कई दिनो तक चक्कर लगाने पड़ रहे है।

### सीएम योगी की पत्नी आज करेंगी वोट की अपील

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी जी 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि सुमन सैनी सबसे पहले गांव काछवा में पहुंचेंगी और केंद्र व प्रदेश में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करेंगी।

### पूर्व सरकारों ने जनता का किया शोषण

**करनाल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता अमरनाथ सौदा ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। अमरनाथ सौदा भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

### निजी बस चालकों पर मनमानी के आरोप

**करनाल।** रोडवेज एससी एम्पलाइज यूनियन ने करनाल के पुराने बस स्टैंड पर निजी बस चालकों द्वारा मनमानी करने के आरोप लगाते हुए कहा है कि प्राइवेट बस चालक निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बसें नहीं चला रहे, जिसके जनता को परेशानी होती है। समय सारिणी के मुताबिक जिन सरकारी बसों को काउंटर पर खड़ा होना चाहिए, वहां निजी बस चालक अपनी बसें खड़ी कर लेते हैं।

### तीसरी बार भी जीतेगी भाजपाः हरविंद्र कल्याण

**करनाल।** लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार भी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि देश की सबसे बडी जीत मनोहर लाल जी की होगी। मनोहर लाल जी ने हरियाणा प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब नायब सैनी जी प्रदेश के विकास को गति दे रहे हैं। भारत ने पिछले 10 सालों में जिस गति से तरक्की की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद और भी ऐतिहासिक कार्य होंगे।

---

### गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से रहे जारी: डॉ. रेनू एस फुलिया

# मंडल आयुक्त ने लिया तरावड़ी अनाज मंडी का जायजा, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**मौसम खराब होने के दृष्टिगत मंडियों में पर्याप्त मात्रा में तिरपाल आदि की हो व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

मंडल आयुक्त करनाल डॉ रेणू फुलिया ने गुरूवार को तरावड़ी अनाज मंडी पहुंच कर गेहूं खरीद कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न आने दें तथा गेहूं उठान के कार्य में तेजी लाएं। मंडल आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान तरावड़ी मंडी में गेहूं की नमी व तुलाई चेक करवाई तथा आढ़तियों व किसानों से भी बातचीत की और कहा कि गेहूं खरीद कार्य के दौरान कोई दिक्कत तो नहीं है, इस पर किसानों व आढ़तियों ने कहा कि मंडी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। सरकारी खरीद एर्जेसियों द्वारा गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौसम खराब होने के दृष्टिगत मंडियों में पर्याप्त मात्रा में तिरपाल इत्यादि का समुचित प्रबंध किया जाए। इस मौके पर डीएमईओ सौरभ चौधरी ने बताया कि गत दिवस तक तरावड़ी मंडी में 44 हजार 523 मीट्रिक टन गेहूं की राजकुमार, मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता, रामफल लाठर, रंजीत भारद्वाज, बृजभूषण गर्ग, सहित अन्य आढ़ती व किसान मौजूद रहे।



**तरावड़ी।** मंडल आयुक्त डॉ. रेनू एस. फुलिया अधिकारियों से जानकारी लेते हुये।



**तरावड़ी।** मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता से बातचीत करते हुये। *फोटो: हरिभूमि*



**तरावड़ी।** गेंहू के कटटे का तोल चैक करते हुये। *फोटो: हरिभूमि*

### एसीएस श्रीकांत वालगद ने किया घरौंडा अनाज मंडी का दौरा

**करनाल।** हरियाणा मत्स्य पालन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) श्रीकांत वालगद ने आज घरौंडा अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व उठान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने गेहूं उठान में तेजी लाने के लिये अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। श्री वालगद ने बताया कि आज उन्होंने हैफेड, हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन तथा खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारियों के साथ घरौंडा अनाज मंडी का दौरा किया। सभी संबंधित अधिकारियों ने गेहूं खरीद में पूरा सहयोग करने और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी पेश न आने देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि इस मंडी में अब तक चार लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। एसडीएम राजेश सोनी ने गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने का आश्वासन दिया है। गेहूं की डीबीडब्ल्यू 187 और 222 किस्म की खरीद के बारे में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस बारे में विभिन्न खरीद एजेंसियों के जिला अधिकारियों को रिपोर्ट करें ताकि जल्द समस्या का समाधान हो सके। एसीएस ने अलग-अलग ढेरियों से मॉयस्चर मीटर से गेहूं की नमी को जांचा जोकि निर्धारित मात्रा से मामूली अधिक पाई गई। इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी ने बताया कि घरौंडा अनाज मंडी में अब तक हुई आवक में से 42 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। इस कार्य में और तेजी लाई जायेगी। मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर संधू ने इस मौके पर एसीएस को आश्वासन दिया कि आढ़तियों द्वारा खरीद में पूरा सहयोग किया जा रहा है।

---



## नए बस स्टैण्ड रोड से अवैध खोखे व रेहड़ियां हटवाईं

- **चेतावनी- दोबारा रेहड़ी लगाने पर होगी सख्त कार्रवाई, रेहड़ी सहित सामान होगा जब्त, 5000 रुपये तक कट सकता है चालान**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

शहर की मुख्य सडकों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल द्वारा गुरूवार को पुनः अभियान चलाया गया। इस दौरान पुरानी सब्जी मंडी स्थल पर लगी करीब दो दर्जन रेहड़ियों को कर्ण (मुगल) कैनाल स्थित अस्थाई मंडी भेजा गया। इसके अतिरिक्त सब्जी मंडी रोड पर खड़ी रेहड़ियों को भी अस्थाई मंडी में भेजा गया तथा सभी रेहड़ी संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि इस स्थान पर कोई रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कार्रवाई की जानकारी देते बताया कि निगम की ओर से पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में लगने वाली तमाम रेहड़ियों को कर्ण कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में शिफ्ट करवाया गया था। परंतु फिर भी कुछ रेहड़ी संचालक दोबारा इस स्थान पर अपनी रेहड़ियों को लगा रहे थे, जिसे लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी रेहड़ी संचालकों को चेताया गया है कि दोबारा पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में रेहड़ी लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यह टीम रही मौजूद**

इसके अतिरिक्त प्रवर्तन दल ने बलड़ी बाईपास चौक से इन्द्री रोड स्थित नए बस स्टैण्ड को जाने वाले रास्ते पर अवैध रूप से लगाए गए खोखे और रेहड़ियों को भी हटाया। इस दौरान करीब 35 खोखे व रेहड़ियों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान सभी को चेतावनी दी गई है कि कोई भी दोबारा इस स्थान पर खोखा या रेहड़ी इत्यादि को लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल में मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक ऊषा रानी तथा उनकी टीम मौजूद रही।

---

## 'नरेंद्र मोदी के हाथों पूरा देश सुरक्षित'

- **हारी बाजी खेल रहे विपक्षी आरक्षण को लेकर फैला रहे भ्रम, भाजपा गरीबों के हकों की सच्ची पहरेदार**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बनवारी लाल ने आज कहा कि अपनी सुनिश्चित हार से बौखलाए विपक्षी भ्रामक प्रचार पर उतर आए हैं।भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में जिस तरह समूचा भारत वर्ष सुरक्षित है ठीक उसी तरह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अधिकारों पर भी कोई आंच नहीं आ सकती। डॉ.बनवारी लाल ने आज यहाँ महावीर कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ संवाद में यह दावा किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान के साथ कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने समाज के प्रतिनिधियों से विस्तृत बातचीत करते हुए उनकी शंकाओं का भी निवारण किया। डॉ.बनवारी लाल ने कहा जिस कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण का हक दिलवाने वाले डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को उनके जीवन काल में अपमानित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी वे अब यह भ्रम फैलाने लगी है।



**करनाल।** मंत्री बनवारी लाल का स्वागत करते हुए अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी कृष्ण भुक्कल। *फोटो: हरिभूमि*

### भाजपा का हर प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेगा

**करनाल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को गति मिली है। आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारतीय जनता पार्टी की मोदी की सरकार ने वो कार्य कर दिखाएं है। जो आज तक किसी भी सरकार में नहीं हुए। मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर के अपने मुद्दे को पूरा करके दिखाया है। वाइस चेयरमैन आजाद सिंह चाय पर चर्चा कार्यक्रम के तहत करनाल पानीपत लोकसभा के क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे है और पार्टी की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

## लोक अदालत का किया आयोजन

- **जिला कारागार करनाल में लगी लोक अदालात में निपटाएं वाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला कारागार में मुख्य दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सुश्री जसबीर कौर द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमे 4 अंडर ट्रायल केसो का चयन किया गया जिसमें 4 केसों में 1 अंडरगोन किया। सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जसबीर कौर ने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार करनाल के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण करनाल को भेज सकता है। अथॉरिटी के द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्त्रोतों से आय रूपये 300000 से कम है ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है।



**करनाल।** लोक अदालत के दौरान मुख्य दंडाधिकारी सुश्री जसबीर।

---

## मुख्य दंडाधिकारी ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भागे हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री जसबीर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन, करनाल स्थित सेफ हाउस का दौरा किया ताकी जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 12 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है।



**करनाल।** सेफ हाउस का निरीक्षण करते हुए सीजीएम जसबीर कौर।

## लोकतंत्र की मजबूती को करें मतदान

- **शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री के विद्यार्थियों ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री के विद्यार्थियों ने मटक माजरी व इंद्रगढ़ गांव में जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में समझाया एवं आने वाले लोकसभा चुनावों में बढ़ चढक़र चुनाव में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। करनाल जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में मतदान जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके। मतदान जागरूकता प्रकोष्ठ के संयोजक सुमित गोयल ने बताया कि महाविद्यालय में चुनाव से संबंधित क्रियाकलाप प्रतिदिन करवाए जा रहे हैं जिसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विभिन्न समितियों से संपर्क साध कर इस अभियान को मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सभी प्राध्यापकों ने युवा मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क साधकर मतदान की अपील करने की अनोखी पहल की है।



**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री के विद्यार्थी मतदान के प्रति जागरूक करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## पीएम मोदी की लोगों को बताई गारंटियां

- **पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार कर रहा तरक्की**

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक़ विचारधारा है। उन्होंने भाजपा की सरकार में हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजना चलाई है। आज हमारे देश का नाम विदेशों में बहुत ऊंचा हो गया है। पूर्व मुखयमंत्री मनोहर लाल एक़ निजी गार्डन में कार्यकर्त्ताओ को सम्बोधित कर रहे थे। पूर्व मुखयमंत्री मनोहर लाल को विधायक हरविंदर कल्याण, विभिन्न समाज, व्यापारी संगठनों, सामाजिक व धर्मिक संगठनों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने पगड़ी व शाल से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश 1947 में आज़ाद तों हो गया था, लेकिन गुलामी जैसी जिंदगी व्यतीत कर रहा था, लेकिन अब भारतीय गौरव महसूस कर रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश ऊंचाइयों तक ले जाने का काम किया है। पूर्व मुखयमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ऐतिहासिक काम हो रहे हैं। भारत ने आधारभूत सुविधा, विनिर्माण, संचार, अनुसंधान में कई नए आयाम छुए हैं।

---

### लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष करवानें को लेकर अफसरों की बैठक

# सभी बीएलओ निष्ठा व ईमानदारी से करें डयूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र करवाने के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में खंड इंद्री के बीएलओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने बैठक में बताया कि प्रशासन द्वारा जो बूथ चिह्नित किए जा चुके हैं उनमें अब किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और समय रहते यह सुनिश्चित अवश्य कर ले कि बूथ पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने से संबंधित आवेदन को वेरिफिकेशन ठीक ढंग से करें और आवेदन में मतदाता का पूरा विवरण ठीक प्रकार से भरें। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओज को मतदान प्रक्रिया से संबंधित अपने अपने बूथ की सारी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचे और इस तरह की किसी भी प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें।



**इंद्री।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक मे उपस्थित बीएलओ। *फोटो: हरिभूमि*

**बैठक में चुनाव से संबंधित दिए दिए जरूरी निर्देश**

सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सभी बीएलओज अपने अपने बूथ से संबंधित सही रिपोर्ट के अलावा सारी जानकारी अवश्य रखे तथा बूथ पर पीने का पानी व पोलिंग पार्टी के लिए मतदान से संबंधित आवश्यक सामान बूथ पर उपलब्ध रखें। सभी बीएलओज अपना कार्य पूरी निष्ठा, ईमानदारी व आपसी तालमेल से करें और अपने कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें वोट करने का अधिकार दिया है और हम सभी का दायित्व बनता है कि हम अपने वोट का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हमें स्वीप अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करना चाहिए और लोगों को यह जानकारी भी अवश्य दे कि मतदान के दिन वोट करने के लिए हमें किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने महिला बीएलओज का आह्वान किया कि वे महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अधिक मतदान करने के लिए स्वीप अभियान व डोर-टू-डोर अभियान चलाए। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुरमलक सिंह सहित खंड के बीएलओ उपस्थित रहें।



### करनाल लोकसभा से मनोहर लाल बड़े अंतर से बनेंगे सांसदः योगेंद्र राणा

**करनाल/नीलोखेड़ी।** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को जीत दिलवाने में कार्यकर्ता पूरी मेहनत करें। भाजपा के काम को जनता के सामने रखें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर वोट की अपील करें। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने नीलोखेड़ी के सनातन धर्म मंदिर में आयोजित चुनाव संचालन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में यमुनानगर से विधायक घनश्यामदास अरोड़ा मुख्य रूप से पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। योगेंद्र राणा ने कहा कि देश और प्रदेश में जिस गति से जनता के काम हुए हैं वह पिछले दशकों से रूके पड़े थे। भाजपा सरकार ने जनता की वर्षों पुरानी समस्याओं को जड़ से समाप्त किया है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा विश्वास करती है और मोदी जी अपने हर वादे को पूरा करते हैं। योगेंद्र राणा ने कहा कि विपक्ष केवल वोट की राजनीति करता है लेकिन भाजपा काम में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत होगी।

### हर घर में हो भगवान श्रीराम की स्थापना

**करनाल।** देश की जानी मानी भजन गायिका श्रीमदभागवत कथा वाचिका साध्वी दीपमाला ने कहा है कि हर घर में भगवान राम की स्थापना होना चाहिए। मुंबई से करनाल पहुंची देश की जानी मानी भजन गायिका दीप माला ने बताया कि आज का दिन ऐतिहासिक हैं। पांच सौ साल बाद भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में भव्य मंदिर में मनाई जा रही हैं। वह अर्थ प्रकाश से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा कि हर घर में लोगों में उत्साह हैं। ऐसा ही उत्साह त्रेता युग में भगवान राम के राज्य अभिषेक के बाद उत्साह मनाया गया था। लगभग बीस साल से भजनों और राम कथा के माध्यम से भगवान की कथा और भक्ति रस की सरस सरिता प्रवाहित करती दीप माला का देश में अपना ही अलग स्थान हैं।

## खबर संक्षेप

### ऑटो रिक्शा में सवार ग्रामीण की नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत में ऑटो रिक्शा सवार धर्मपाल निवासी गांव गुढा जिला करनाल की जेब से 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली गई। धर्मपाल पानीपत के बैंक से नकदी निकलकर वापस घर लौट रहा था। वही, धर्मपाल ने ऑटो रिक्श चालक व इसमें सवार तीन महिलाओं पर चोरी का शक जताया है। थाना सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्वीप कार्यक्रम अनेक स्थानों पर किए जा रहे

**पानीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम अनेक स्थानों पर किए जा रहे हैं। स्कूल, कॉलेज में प्रतियोगिताओं के तहत युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

### कविता गायन में काजल ने जमाई धाक

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों को अपने विचारों के माध्यम से कविता के रूप में प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ.सुनित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल ने, द्वितीय सोनम व प्रीति ने व सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### माता सिद्धिदात्री मंदिर में भंडारा लगा

**पानीपत।** माता सिद्धिदात्री में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भंडारा लगाया गया। माता सिद्धिदात्री की पूजा के उपरांत कन्याओं की पूजा करने के उपरांत उन्हें प्रसाद दिया गया। इस दौरान दुकानदार देवी सिंह, सुमित, अमित, अजय, बोनी, मोनू, रणबीर, मदन व सुरेश आदि का सहयोग रहा।

### वाद विवाद प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा एम कॉम. प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए प्रो. राजेश ने वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शिवानी द्वितीय स्थान पर रही, अंजलि एवं पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

### डिंपल का केयू में 10वां स्थान

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय, सिवाह की एम. ए. इतिहास विभाग के तृतीय सेमेस्टर के कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की छात्रा डिंपल ने 500 अंकों में से 347 अंक प्राप्त करके कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में दसवां रैंक हासिल कर टॉप 10 सूची में अपना स्थान बनाया तथा कॉलेज की गरिमा को बढ़ाया है।

विजेता छात्राओं का कॉलेज पहुंचने पर किया स्वागत

# एसडी कॉलेज कुवि महिला खो खो का ओवरऑल चैंपियन बना

इस कारनामे को लगातार तीसरी बार अंजाम देकर कुवि के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के विजेता खिलाडी प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा व प्रधान दिनेश गोयल के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय महिला खो-खो चैंपियनशिप जीतकर न सिर्फ कॉलेज और जिले का मान बढाया बल्कि इस कारनामे को लगातार तीसरी बार अंजाम देकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह टूर्नामेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में 16 व 17 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। इसमें एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने जोन और इंटरजोन की विजेता टीमों को सभी मैचों में पछाड़ते हुए महिला खो-खो की ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा किया और स्वर्ण पदक जीता। कॉलेज की महिला खो-खो टीम ने कप्तान मुकेश की अगुआई में अन्नू, सोनू, साक्षी, निशा, निकिता, मनीषा, ऋतु, लावन्या, शीतल, पूजा, सीमा, प्रीती, अंजू और मोनिका के शानदार खेल के बूते पर सभी मैचों में एक तरफा जीत हासिल कर के इस मुकाम को हासिल किया। वहीं विजेता छात्राओं का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ.सुशीला बेनीवाल, प्रो.रेखा, कोच अंकुश मलिक और ग्राउंड्समैन प्रताप ने किया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि कालेज की छात्राओं ने जो उपलब्धि हासिल की है वह हर विद्यार्थी के लिए गौरव और हर्ष का विषय है। इस जीत के पीछे इन सबकी लगन और कड़ी मेहनत का हाथ है । खेल सभी के जीवन में विशेष रुप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों में लड़कियों की बढती रूचि और उपलब्धियां बदलते भारत की नई तस्वीर है। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि ऐसे खिलाडी बहुत कम होते हैं जो इतनी कम उम्र में बड़े कारनामे कर जाते हैं। इन सभी खिलाडियों की कामयाबी का सफर बहुत लम्बा है और यह अभी और भी बड़ा मुकाम हासिल करेंगी। वहीं खिलाड़ी अन्नू, निशा, निकिता, साक्षी, अंजलि, ऋतु, मनीषा, कोमल, पूजा, काफी, स्नेह और भतेरी ने कहा कि उनकी जीत का श्रेय उनके माता-पिता, एसडी कॉलेज प्रबंधकारिणी, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, प्रो.सुशीला बेनीवाल और कोच अंकुश मलिक को जाता है ।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की अपर संभावनाएं: डॉ गुप्ता

■ आर्य कॉलेज में रोजगार मेला में 68 विद्यार्थियों का चयन हुआ

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ राजकीय महाविद्यालय, चीका राजकीय महाविद्यालय, कैथल व राजकीय महाविद्यालय, अंबाला कैंट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अन्य महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों, प्राध्यापकों व रोजगार मेले में आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने कॉलेज के पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अंकुर मित्तल, प्रो. नवीन, प्राध्यापिका काजल व प्रियांशा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वही, कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली लगभग 15 ट्रैवल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शिरकत कर 68 विद्यार्थियों का चयन किया।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

## इनसो ने एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन दिया



**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑग्रेनाइजेशन यानि इनसो के जिला प्रधान बलराज देशवाल की अध्यक्षता में रोडवेज बसों को लेकर हो रही समस्याओं को लेकर कॉलेज प्राचार्य डा.अनुपम अरोड़ा से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा। इनसो जिला प्रधान बलराज देशवाल ने बताया की कई दिन से एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने बसों की समस्या बताई थी जिसको लेकर वीरवार को एसडी कॉलेज के प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा को सभी विद्यार्थियों की समस्या से अवगत कराया गया था और समस्याओं का पत्र प्राचार्य को दिया है। बलराज देशवाल ने बताया की एसडी कॉलेज के विद्यार्थी लोकल बसों को लेकर परेशान है। वहीं प्रिंसिपल डा.अनुपम अरोड़ा ने समस्या का हल कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर दीपक शर्मा, मुनीम खर्ब, अजीत गाहल्याण, सुमित बैरागी, पंकज रावल, दिनेश छिक्कारा व बलवान आदि छात्र मौजूद रहे।

## बुआना लाखू ने डीआर कार्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

■ फाइनल मैच बुआना लाखू और दिनेश खुबड़ू के मध्य खेला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम अतिथियों के साथ।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान काकोदा,पानीपत में तीसरे डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुआना लाखू सीनियर और दिनेश खुबड़ इलेवन के मध्य खेला गया, फाइनल मैच में बुआना लाखू सीनियर टीम 40 रन से विजयी रही, बुआना लाखू टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मनदीप उर्फ मैंडी के नाबाद 76 व अजित मलिक के नाबाद 63 रनों की मदद से 20 ओवर में 4 विकेट पर 183 रन बनाये, जिसके जवाब में दिनेश खुबड़ इलेवन की टीम 19 ओवर में 140 रन बनाकर आल आउट हो गयी, संजय राजपूत ने 3 व अक्की ने 2 विकेट लिए, मैंडी को मैन आफ द मैच चुना गया, टूर्नामेंट में हरदीप मलिक ने सर्वाधिक 194 व अंकुर मिश्रा ने 189 रन बनाये , अमित त्यागी ने सर्वाधिक 9 विकेट लिए तथा अपने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से हरदीप मलिक मैन आफ द सीरीज भी चुने गए, रविंद्र मास्टर ने टूर्नामेंट में एकमात्र हैट्रिक ली, टूनार्मेंट में 8 टीम 2 ग्रुप में लीग सिस्टम से खेली और कुल 15 मैच खेले गये, टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि बार एशोसिएशन पानीपत के पूर्व सचिव सुनील शर्मा व अति विशिष्ट अतिथि काकोदा गांव के सरपंच अशोक कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की, इस अवसर पर डी आर इंटरनेशनल स्कूल के चैयरमैन कपिल भारद्वाज, धर्मेन्द्र मलिक,अमित खोखर, सुमित खोखर, जयबीर खोखर, धर्मेन्द्र कादयान, मोनू त्यागी, आशीष धनखड़ आदि मौजूद रहे।

### मतदान को बांगुर सीमेंट ने शुरू की कैंपेन

**पानीपत।** श्री सीमेंट के मैनिजिंग डायरेक्टर नीरज अखोरी ने कहा कि बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है।

उन्होंने कहा कि यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्रांड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। वही, जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।

### कुवि में छाए पाइट एनसीआर के विद्यार्थी



**पानीपत।** पाइट एनसीआर कॉलेज की खुशी अग्रवाल ने बीकॉम में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में सातवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा हर्षित गेरा और नैनसी का दसवां रैंक आया है। तीनों विद्यार्थियों को कॉलेज में सम्मानित किया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि जीएसटी कानून के बाद से बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के द्वार खुले हैं। एकाउंट के क्षेत्र में ढेरों संभावनाएं बढ़ गई हैं। बीकॉम में पाइट के छात्रों ने हाल ही में यूनिवर्सिटी में टॉप भी किया गया था। इस अवसर पर सचिव सुरेश तायल, पाइट एनसीआर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.दीपक राज भी मौजूद रहे।

### पानीपत की मंडियों में 1.13 एमटी गेहूं की आवक

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 113318 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 107500 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 17600, हैफेड द्वारा 49562 , एचडब्ल्यूसी द्वारा 38134, एफसीआई द्वारा 2204 मीट्रिक टन गेह का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस मंगलवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 2289 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 1708 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 9958 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 6326 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 4316 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 14547 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 16819 , नौल्था खरीद केन्द्र पर 816 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 15151 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

### नागरिक अपना लू से बचाव करें

**पानीपत।** मुख्य चिकित्साधिकारी निधि मुंजाल सामान्य अस्पताल समालखा ने विशेष बातचीत में बताया



कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डा. निधि मुंजाल ने लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें।

### पौध रोप व सफाई अभियान चला किया वोटिंग को जागरूक



**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने जिले के गांव बुआना लाखू व मांडी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वृद्धों , युवाओं व महिलाओं को वोट के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम चुनाव के इस महोत्सव में बड़े पैमाने पर पौधे लगा कर, सफाई अभियान चला कर मतदाताओं को वोट डालने को लेकर जागरूक कर सकते हैं। ग्रीन इलेक्शन, क्लीन इलेक्शन के तहत भी लोगों को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं कि शपथ दिलाते हुए कहा कि चुनाव में हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर सुमन, पूनम, कविता, ललिता, किशनी, दर्शन, माया, भावना, निधि, इंदू, संतोष, बिमला, निर्मला, आरती आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**गीता रानी सुपुत्री श्री प्यारा लाल (धर्मपत्नी श्री गोपी चन्द) निवासी मकान नंबर 103, राम नगर तहसील कैम्प, पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री गीता रानी सुपुत्री श्री प्यारा लाल (धर्मपत्नी श्री गोपी चन्द) निवासी मकान नंबर 103, राम नगर तहसील कैम्प, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति सेवी बाई धर्मपत्नी श्री सुखाराम की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि प्यारा लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु दिनांक 23.10.2008 को हो चुकी है। यह कि श्री प्यारा लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु बाद उनके 7 ही वारिस हैं 1. भगवान देवी धर्मपत्नी 2. सुमन 3. प्रवीन 4. ज्योति 5. गीता 6 पूजा चानना सुपुत्रीयान 7. सोनू सुपुत्र श्री प्यारा लाल सुपुत्र श्री सुखाराम है। यह कि सोनू सुपुत्र श्री प्यारा लाल की मृत्यु दिनांक 16.07.2022 को हो चुकी है। यह कि सोनू अविवाहित था। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। पटवारी हलका तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

यह कि श्री प्यारा लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**गीता रानी सुपुत्री श्री प्यारा लाल (धर्मपत्नी श्री गोपी चन्द) निवासी मकान नंबर 103, राम नगर तहसील कैम्प, पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री गीता रानी सुपुत्री श्री प्यारा लाल (धर्मपत्नी श्री गोपी चन्द) निवासी मकान नंबर 103, राम नगर तहसील कैम्प, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति सेवी बाई धर्मपत्नी श्री सुखाराम की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि ईशवर लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु दिनांक 01.05.2011 को हो चुकी है। यह कि श्री ईशवर लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु बाद उनके 2 ही वारिस है 1. श्रीमति उषा रानी धर्मपत्नी 2.सीमा सुपुत्री श्री ईशवर लाल सुपुत्री श्री सुखाराम है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। पटवारी हलका तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

यह कि श्री ईशवर लाल सुपुत्र श्री सुखाराम की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

हरियाणा में सभी दस लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत तय

# हुड्डा ने पुत्र मोह में हरियाणा में कांग्रेस को डूबो दिया: मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत में चुनावी जनसभा में उपस्थित पूर्व सीएम मनोहर लाल, सहकारी मंत्री, सांसद, विधायक। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी मनोहर लाल ने पानीपत में वीरवार को पानीपत सिटी व ग्रामीण विधानसभाओं में जनसभा की। मनोहर लाल ने वीरवार को वार्ड 25 स्थित मनोहर पार्क में, वार्ड 17 में परशुराम धर्मशाला के सामने और वीरभवन चौक के नजदीक चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं मनोहर लाल ने सभी जनसभाओं में हास्य व्यंग्य के माध्यम से जनता को खूब हंसाया। इधर, जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे महान लोकतंत्र है और जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाते है। लोकतंत्र की जड़ें जितनी मजबूत होगी, भावी पीढ़ी का भविष्य उतना ही सुरक्षित होगा। इसके दृष्टिगत केंद्र की मोदी सरकार ने देश में नई शिक्षा नीति लागू की और अनेक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए और स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए देश के सभी जिलों में एक एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है। यही नहीं देश में रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी संस्थानों में सीटों की संख्या बढ़ाई कोरोना महामारी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान पर आ गया है। इस देश को तीसरे स्थान पर लाने के सभी प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुडा ने पुत्र मोह में कांग्रेस की लुटिया डुबो दी है और आज विपक्षियों को प्रदेश में उपयुक्त उम्मीदवार भी नहीं मिल पा रहे हैं।। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में लोकसभा की सभी दस सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। इधर, भाजपा की चुनावी सभाओं को सांसद संजय भाटिया, सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, लोकसभा संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज, जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, कृष्ण छोक्कर ने भी संबोधित किया। वहीं जनसभा में बडी संख्या में नागरिकों ने मनोहर लाल को सुना।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नम्बर 1832 सैक्टर 13-17, तहसील व जिला पानीपत।**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री गुलशन कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल निवासी मकान नम्बर 1832, सैक्टर 13-17, तहसील व जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता जी लेट श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री बुटा राम निवासी मकान नम्बर 1832, सैक्टर 13-17, नूरवाला, बिचपड़ी, तहसील व जिला पानीपत की दिनांक 21.12.2023 को मृत्यु हो चुकी है व प्रार्थी की दादी जी की मृत्यु भी काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री बुटा राम की मृत्यु उपरान्त जाईज वारिस इस प्रकार हैं :-

1. कौशल्या विधवा 2. अश्वनी कुमार पुत्र 3. गुलशन कुमार पुत्र 4. वीना रानी पुत्री 5. शशि बाला पुत्री 6. मोनिका पुत्री 7. पूजा पुत्री श्री कृष्ण लाल है। उपरोक्त वारसान के अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा अनिता रानी परूथी नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 1, पानीपत व रवि वर्मा पटवारी हल्का पानीपत द्वारा दिनांक 23.02.2024 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई हैं :-

1. कौशल्या विधवा 2. अश्वनी कुमार पुत्र 3. गुलशन कुमार पुत्र 4. वीना रानी पुत्री 5. शशि बाला पुत्री 6. मोनिका पुत्री 7. पूजा पुत्री श्री कृष्ण लाल है।

इनके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**मान सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह निवासी मकान नंबर 327, वार्ड नंबर 7, नजदीक राम मन्दिर, पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मान सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह निवासी मकान नंबर 327, वार्ड नंबर 7, नजदीक राम मन्दिर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री अजीत सिंह पुत्र श्री प्रेम सिंह दिनांक 05.06.1973 को स्वर्गवास हो चुके है मृतक स्वर्गीय अजीत सिंह के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस हैं 1. पृथ्वी पाल सिंह पुत्र 2. मान सिंह पुत्र 3. प्रकाश कौर पुत्री 4. गुरबचन कौर पुत्री 5. करतार कौर पुत्री 6. सतबीर कौर पुत्री है व इनमें से पृथ्वी पाल सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह का दिनांक 01.01.2012 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक स्वर्गीय पृथ्वी पाल सिंह के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1. हरजिन्द्र कौर पत्नी 2. जसबीर सिंह पुत्र 3. बहादर सिंह पुत्र 4. सुरिन्द्र कौर पुत्री 5. गुरमीत कौर पुत्री 6. दर्शन कौर पुत्री है। श्रीमति चंचल सहगल पार्षद व सुभाष पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**किशोर कुमार सेठी सुपुत्र श्री भगवान दास सेठी निवासी प्लाट नंबर 2, दविन्द्रा ढाबा वाली गली, गणेश मन्दिर के पास, पुरानी सब्जी मण्डी के पीछे, सनौली रोड, पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री किशोर कुमार सेठी सुपुत्र श्री भगवान दास सेठी निवासी प्लाट नंबर 2, दविन्द्रा ढाबा वाली गली, गणेश मन्दिर के पास, पुरानी सब्जी मंडी के पीछे, सनौली रोड, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास सुपुत्र श्री टिकन राम सेठी की मृत्यु दिनांक 13.10.2009 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति सुन्दर देवी धर्मपत्नी श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास की मृत्यु दिनांक 25.02.2020 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति तुलसी बाई धर्मपत्नी श्री टिकन राम सेठी की मृत्यु काफी अरसा पहले हो चुकी है। यह कि श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास सुपुत्र श्री टिकन राम की मृत्यु उपरांत 5 वारिस है 1. तिलक राज सेठी 2. जगदीश सेठी 3. किशोर कुमार सेठी सुपुत्रगण 4. कान्ता 5. दर्शना रानी सुपुत्रीयान श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास सुपुत्र श्री टिकन राम सेठी है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। प्रार्थी के द्वारा अपने शपथ पत्र में श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हलका तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

इनके इलावा श्री भगवान दास सेठी उर्फ भवानी दास का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

